# उत्तर प्रदेश को ग्लोबल आइटी हब का ब्रांड बनाने की तैयारी

## आइटी व आइटीईएस क्षेत्र के लिए भूमि बैंक बनाए जाएंगे

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ :सरकार ने उत्तर प्रदेश को ग्लोबल (वैश्विक) आइटी हब के ब्रांड के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज को आइटी सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। गौतमबुद्ध नगर को आइटी और आइटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं) का हब, लखनऊ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और मशीन लर्निंग का हब, कानपुर को ड्रोन और रोबोटिक्स तथा वाराणसी और प्रयागराज को इंजीनियरिंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट (ईआरएंडडी) के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है।



प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अगले तीन वर्षों में वन ट्रिलियन डालर बनाने के लिए सरकार आइटी और आइटीईएस के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए भूमि बैंक और आइटी पार्कों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर काम शुरू कर दिया गया है। सरकार जल्द ही राज्य स्तरीय आइटी और आइटीईएस सलाहकार समिति का गठन करने पर विचार कर रही है। साथ ही आइटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने पर भी विचार किया जा रहा है।

सरकार की कोशिश है कि आइटी इकाइयों को औद्योगिक टैरिफ पर बिजली उपलब्ध कराई जाए। सरकार एआई व ड्रोन उद्योग से जुड़े निवेशकों और गल्फ कार्पोरेशन्स काउंसिल के निवेशकों को भी प्रदेश के आइटी क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित करने की रणनीति बना रही है।

• लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज को आइटी सिटी के रूप में किया जाएगा विकसित

## आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम में श्रावस्ती के जमुनहा की टाप रैंकिंग

नीति आयोग की ओर से घोषित आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम की जनवरी से मार्च 2024 की त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग में श्रावस्ती जिले के जमुनहा विकासखंड ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, जोन दो उत्तर भारत में हरदोई जिले के संडीला ने पहला, अमेठी जिले के जगदीशपुर विकासखंड ने दूसरा स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि के लिए इंटरनेट प्लेटफार्म एक्स पर बधाई दी है।

• मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर दी इस उपलब्धि के लिए बधाई

विकासखंडों की रैंकिंग की गणना उनके प्रदर्शन और त्रैमासिक प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआइ) में प्राप्त प्रगति के आधार पर की गई है। कुल 40 संकेतकों में बेहतर प्रदर्शन के लिए श्रावस्ती के जमुनहा विकासखंड को टाप रैंक मिली है। जमुनहा विकासखंड ओवरआल परफार्मेंस में अव्वल रहा है।

वहीं, राजस्थान के चित्तौड़गढ़ का निम्बाहेड़ा विकासखंड दूसरे स्थान पर है। श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि विकासखंड में सरकार की योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक सुधार के नियोजित प्रयासों से यह सफलता प्राप्त हुई है।